



## जिपं सीईओ ने सचिव और उपयंत्री को थमाए नोटिस

**बाराकलांन में मिली अनियमितताएं स्वच्छता व्यवस्था बदहाल, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर उठे सवाल**

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 जून।** जिला पंचायत सीईओ वीर सिंह चौहान ने शुक्रवार को जनपद पंचायत भिण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बाराकलां का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़ी कई गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

निरीक्षण के दौरान तालाब के आसपास व्यापक गंदगी, अतिक्रमण तथा नालियों की सफाई व्यवस्था अत्यंत खराब पाई गई। इसके अलावा ग्राम पंचायत



द्वारा कराए गए विभिन्न निर्माण कार्य भी गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं मिले। कई कार्यों में तकनीकी मानकों की अनदेखी और लापरवाही स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

सीईओ चौहान ने निरीक्षण के दौरान पाया कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी एवं गुणवत्ता परीक्षण नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। इस संबंध में उपयंत्री धर्मेन्द्र दुबे को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि पूर्व सूचना दिए जाने के बावजूद निरीक्षण के दौरान उनकी अनुपस्थिति भी गंभीर लापरवाही की श्रेणी में आती है, जो म.प्र. संविदा सेवा शर्तों का उल्लंघन है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत सचिव ममता पाल को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई तथा सूचना दिए जाने के बावजूद वे निरीक्षण के दौरान उपस्थित नहीं रहीं। साथ ही पंचायत स्तर पर कराए गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता भी अपेक्षित मानकों के अनुरूप नहीं मिली।

सीईओ ने इसे म.प्र. पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 तथा म.प्र. पंचायत सेवा (ग्राम पंचायत सचिव भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम 2011 के विपरीत माना है। सचिव को भी तीन दिवस के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

वीर सिंह चौहान ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होता है तो संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी। जिला पंचायत प्रशासन की इस कार्रवाई को पंचायतों में पारदर्शिता, जवाबदेही, गुणवत्ता नियंत्रण एवं स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### 4 दुपहिया वाहनों के साथ सागौन जब्त

**आष्टा.** वन विभाग की टीम द्वारा रात्रि गश्त के दौरान अवैध रूप से सागवान की लकड़ियां परिवहन करने की सूचना प्राप्त हुई. जिसे टीम द्वारा गंभीरता से लेते हुए आरोपियों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की. इस दौरान रामपुरा साइड से कन्नौद मार्ग पर चार दोपहिया वाहन आते दिखाई दिए जिनका पीछा कर पकड़ा गया लेकिन आरोपी अंधेरे का फायदा उठा कर जंगल में भागने में सफल हो गए लेकिन चारों वाहन पकड़ने में आ गए.

पकड़ी गई चार मोटर साइकिल एवं लकड़ी की कीमत करीबन 70 हजार रुपए के करीब बताई जा रही है. उक्त कार्यवाही में कुमेर सिंह परिक्षेत्र सहायक रोलागॉव, दीपेश राठौर, जितेंद्र ठाकुर, कैलाश वर्मा एवं सुरक्षा श्रमिकों की भूमिका रही.

## फर्जी छात्रवृत्ति मामला : 1.19 लाख का भुगतान

**स्कूल प्रबंधन पर मामला दर्ज**

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 12 जून।** भिंड जिले के मालनपुर स्थित मेरि गोल्ड पब्लिक स्कूल में 2021-22 और 2022-23 सत्र की अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति में बड़ा घोटाला सामने आया है। मामले में थाना मालनपुर में एफआई दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**1.19 लाख का फर्जी भुगतान :**पुलिस को मिली जांच रिपोर्ट के अनुसार, स्कूल ने फर्जी छात्रों के नाम पर 1,19,700 रुपये की छात्रवृत्ति का भुगतान कराया। हस्क्र पोर्टल पर भेजी गई एक्सेल सूची में मेरि गोल्ड पब्लिक स्कूल, मालनपुर के नोडल अधिकारी शिवम कुमार और हेड ऑफ इंस्टिट्यूट विक्रम सिंह का नाम दर्ज है। जांच में पाया गया कि सूची में दर्ज अधिकांश छात्र-छात्राएं संस्था में कभी अध्ययनरत ही नहीं थे।




साथ ही सूची में दर्ज संस्था प्रमुख भी स्कूल में कभी कार्यरत नहीं रहे। जांच समिति ने इसे कूट रचित और संदिग्ध मानते हुए फर्जी सत्यापन कर छात्रवृत्ति भुगतान के लिए आवेदन अग्रेषित करने का आरोप लगाया है।

**क्या है पूरा मामला:**थाना मालनपुर में पदस्थ निरीक्षक प्रदीप कुमार सोनी ने 11 जून 2026 को स्नढ्ढक्र दर्ज कराई। शिकायतकर्ता प्रदीप सिंह चौहान, सहायक ग्रेड-3, कलेक्टर कार्यालय भिंड द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर यह कार्रवाई हुई।भारत सरकार अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की Red Flag जांच में भिंड जिले के कुछ संस्थानों में गड़बड़ी सामने आई थी। कलेक्टर के आदेश पर गठित 2 सदस्यीय जांच समिति ने मेरि गोल्ड पब्लिक स्कूल की जांच की। समिति ने 30 सितंबर 2025 को रिपोर्ट दी, जिसमें सत्र 2021-22 और 2022-23 में फ्रेश/रिन्यूअल के तहत 21 छात्रों की छात्रवृत्ति संदिग्ध पाई गई।

**किन धाराओं में मामला दर्ज:**आरोपी शिवम कुमार और विक्रम सिंह के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 120 भादवि के तहत धोखाधड़ी, कूटरचना, जालसाजी और आपराधिक साजिश का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि दस्तावेजों की जांच और संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

**इनका कहना है...**
अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारी द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई है ,मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है, साक्ष्यों के बाद जो भी तक के सामने आएंगे उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी
**प्रदीप कुमार सोनी**
**निरीक्षक थाना प्रभारी**
**मालनपुर**

## मलेरिया निरोधक माह का शुभारंभ, निकला मलेरिया रथ




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 जून।** आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान के तहत बुधवार को मलेरिया रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह मलेरिया रथ जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर नागरिकों को मलेरिया से बचाव, रोकथाम एवं समय पर उपचार संबंधी जानकारी प्रदान करेगा। रथ के माध्यम से लोगों को मच्छरों की उत्पत्ति रोकने, स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एस. यादव ने कहा कि मलेरिया एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से रोकथाम योग्य बीमारी है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. शिवराम सिंह कुशवाह ने बताया कि मलेरिया निरोधक माह के दौरान जिलेभर में विशेष जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव-गांव और वार्डों में पहुंचकर लोगों को मच्छरजनित रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी देगी। कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आलोक शर्मा, डॉ. अवधेश सोनी, जिला महामारी नियंत्रक अधिकारी रीना अवस्थी, स्थापना लिपिक शिवांग सिंह राजावत सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मोबाइल चोर गिरोह का खुलासा, दो गिरफ्तार

**धार.** जिले में पीथमपुर पुलिस ने मोबाइल चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. उनके कब्जे से 40 हजार रुपये से अधिक मूल्य के चार चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं. पीथमपुर के जय नगर (छत्रछाया) कॉलोनी और इंडसटाउन क्षेत्र में पिछले कुछ समय से मोबाइल चोरी की घटनाएं बढ़ रही थीं. अज्ञात चोर रात्रि के समय घरों में प्रवेश कर मोबाइल फोन चोरी कर रहे थे. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की. टीम ने घटनास्थलों का निरीक्षण किया तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया.
जांच के दौरान दो संदिग्ध युवकों की पहचान होने पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर घेराबंदी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया.

## हायर सेकेंडरी स्कूल में समीक्षा मीटिंग आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव 12 जून।** जिला परियोजना अधिकारी महेंद्र सिंह सौजन्या के निर्देश में जनशिक्षा केंद्र स्तरीय समीक्षा मीटिंग का आयोजन विकाशखंड स्रोत समन्वयक अनिल दिवाकर की अध्यक्षता में किया गया।

जिसमे जनशिक्षा केंद्र बालक गोरमी ,कन्या गोरमी और हरिक्षा तीनो जनशिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाली शालाओ के शाला प्रभारी उपस्थित रहे।

मीटिंग में शासन के द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के साथ नामांकन एवं अपार आईडी पर विशेष चर्चा की गई। महोदय द्वारा निर्देश दिया गया की यदि कोई शिक्षक द्वारा समय सीमा में कार्य नहीं किया जाता है तो कार्यवाही हेतु प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जाएगा।

मीटिंग में संकुल प्राचार्य शिवराज सिंह के साथ विकाश खंड मेहगांव के एमआईएस नितिन शर्मा, बी ए सी धर्मेंद्र भदौरिया ,विकाश मिश्रा एवं जनशिक्षक बंटी सिंह , दिवाकर मिश्रा, शिवकुमार तिवारी, सुनील शाक्य उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में आरक्षक की मौत, एक घायल

**पन्ना.** जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 पर आज शुक्रवार तड़के हुए सड़क दुर्घटना में अजयगढ़ थाना में पदस्थ एक आरक्षक की मृत्यु हो गई, जबकि उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया. अजयगढ़ थाना में पदस्थ 26 वर्षीय आरक्षक अभय श्रीवास अपने मित्र अरविंद सिंह के साथ कार से मनौर गए थे. वहां एक ढाबे पर भोजन करने के बाद दोनों रात करीब तीन बजे पन्ना लौट रहे थे. इसी दौरान स्मृति वन के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी कार को टक्कर मार दी. टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया.

## जिले के अस्पतालों को मिले 25 नये डॉक्टर

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 12 जून.** जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्वास्थ्य विभाग ने 25 नए चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना कर दी है. लंबे समय बाद एक साथ इतनी बड़ी संख्या में डॉक्टरों की नियुक्ति होने से ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की उम्मीद जगी है. सभी चिकित्सकों को 18 जून तक अपने-अपने पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करना होगा.

सालों से जिले के अधिकांश अस्पताल चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे हैं. नतीजतन मरीजों को बड़े शहरों के निजी अस्पतालों में इलाज कराने को मजबूर होना पड़ता है. ऐसे में चिकित्सकों की नियुक्ति फौरी तौर पर राहत का काम करेगी. स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत सीहोर जिले में 25 नए चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है. विभाग की अपर सचिव सीमा डेहरिया द्वारा जारी आदेश के अनुसार सभी चिकित्सक द्वितीय श्रेणी राजपत्रित अधिकारी के रूप में सेवाएं देंगे.

नई नियुक्तियों में 13 डॉक्टरों को प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ किया गया है, जबकि अन्य चिकित्सकों को सिविल अस्पतालों और विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में जिम्मेदारी सौंपी गई है. जिले के बुदनी, रेहटी और नसरुल्लागंज क्षेत्रों को सबसे अधिक लाभ मिला है.

## बाढ़ संभावित क्षेत्रों का जायजा लेने अटेर पहुंचे कलेक्टर-एसपी



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 जून।** आगामी मानसून एवं संभावित बाढ़ की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में कलेक्टर भिंड एवं पुलिस अधीक्षक भिंड ने बुधवार को अटेर क्षेत्र के चिन्हित बाढ़ संभावित एवं संवेदनशील इलाकों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अटेर, एसडीओपी अटेर, आपदा प्रबंधन शाखा, राजस्व विभाग तथा संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने उन क्षेत्रों का भ्रमण किया, जहां पूर्व वर्षों में बाढ़ की स्थिति निर्मित हुई थी अथवा जहां नदी-नालों के उफान के कारण जनजीवन प्रभावित होने की संभावना रहती है। अधिकारियों ने संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों, संपर्क मार्गों, राहत शिविरों के लिए चिन्हित स्थलों तथा बचाव कार्यों से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने स्थानीय ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों, बाढ़ के दौरान आने वाली समस्याओं एवं संभावित जोखिमों की जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने प्रशासन को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए समय रहते राहत एवं सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने का आग्रह किया। ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझावों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मानसून शुरू होने से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं।

## शिक्षकों की कमी पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, बघेल ने समाधान की मांग की



नवभारत न्यूज
भिण्ड, 12 जून। आधारभूत सुविधाओं के अभाव एवं विद्यालय की भूमि संबंधी विवाद को लेकर रामशेष ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने सरकार एवं शिक्षा विभाग से विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। रामशेष बघेल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सरकार बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। विद्यालय में न तो स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति है और न ही पर्याप्त संख्या में स्थायी शिक्षक उपलब्ध हैं। परिणामस्वरूप शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने बताया कि विद्यालय की स्थापना वर्ष 1987 में हुई थी और उस समय परशुराम समिति द्वारा भूमि दान स्वरूप उपलब्ध कराई गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय परिसर और खेल मैदान के आसपास जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है। बरसात के दौरान मैदान के पास पानी भर जाने से विद्यार्थियों की सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न हो सकता है तथा कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता डॉ. शिवेन्द्र सिंह कुशवाह, नगर अध्यक्ष बच्चनलाल बघेल, अभिलाख सिंह यादव, विवेक जामौर, संदीप बघेल, अभिषेक मौर्य, रामनरेश बघेल, प्रमोद बघेल सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एनसीसी कैडेट्स को दिया टीबी उन्मूलन का संदेश

**टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यशाला आयोजित, युवाओं ने लिया टीबी उन्मूलन का संकल्प**



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 जून।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत संचालित टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आईटीआई भिंड में एनसीसी कैडेट्स के लिए विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को क्षय रोग (टीबी) के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें टीबी उन्मूलन अभियान से सक्रिय रूप से जोड़ना था।

कार्यशाला में जिला क्षय अधिकारी डॉ. डी.के. शर्मा ने एनसीसी कैडेट्स को टीबी के लक्षण, बचाव, जांच एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि टीबी एक संक्रामक लेकिन पूर्णतः उपचार योग्य बीमारी है। समय पर जांच और नियमित उपचार से इस रोग को पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है। डॉ. शर्मा ने कहा कि देश को टीबी मुक्त बनाने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि युवा स्वयं जागरूक होकर समाज में जनजागरूकता फैलाएं तो टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त किया जा सकता है।

## शिविर में हितग्राहियों को दिया योजनाओं का लाभ

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 12 जून.** नगर सरकार आपके द्वार प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है. इसको लेकर पार्षद मीना दिलीप राठौर ने शुक्रवार को मंडी में जनकल्याण शिविर का शुभारंभ किया. इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि जन कल्याण योजना अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को उनकी आवश्यक सेवाएं और योजनाओं का लाभ उनके निकट उपलब्ध कराना है. नपा की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे, इसके लिए वार्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. इन शिविरों में नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जाएगा. उन्होंने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि जो भी नागरिक किसी योजना का लाभ प्राप्त करने से वंचित हैं, वे शिविर में पहुंचकर दस्तावेजों के साथ आवेदन करें और शासन की योजनाओं का लाभ लें.

## बाल श्रम उन्मूलन पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 जून।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिंड के.एस. बारिया के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिंड द्वारा शहर स्थित जीनियस कोचिंग क्लासेस में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निधि नीलेश श्रीवास्तव एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं न्यायाधीश अनुभूति गुप्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बाल श्रम उन्मूलन, बाल अधिकारों तथा उनसे संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी सरल एवं सहज भाषा में प्रदान की गई। वक्ताओं ने बताया कि बाल श्रम निषेध का उद्देश्य बच्चों के बचपन, शिक्षा और सुरक्षित भविष्य की रक्षा करना है। बच्चों को समझाया गया कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार के रोजगार या मजदूरी में लगाना कानूनन अपराध है। साथ ही संविधान के अनुच्छेद-24 के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि यह प्रावधान बच्चों को खतरनाक कार्यों और उद्योगों में नियोजित किए जाने से संरक्षण प्रदान करता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बाल श्रम की रोकथाम, शिक्षा के अधिकार एवं कानूनी सहायता संबंधी जानकारी से युक्त पम्पलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में जीनियस कोचिंग क्लासेस के संचालक विजय श्रीवास, पैरालीगल वॉलंटियर मंजर अली सहित विद्यार्थी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### युवती पर हमला : दो गिरफ्तार

**धार, 12 जून.** मध्यप्रदेश के धार जिले में नौगांव थाना पुलिस ने एक युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में मुख्य आरोपी और उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है. दोनों आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहे थे.20 मई को गायत्री राठौड़ ने नौगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत में कहा गया था कि वह अपने मित्र अभयसिंह कुशवाह के साथ एक्टिवा से घर लौट रही थीं. इसी दौरान कोर्ट रोड घाटी के पास कुछ युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया और अभयसिंह के साथ गाली-गलौज करते हुए डंडों तथा लात-घूंसों से हमला कर दिया. हमले में अभयसिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया. प्रारंभ में पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज किया था।

## मनीष को मिली नई जिम्मेदारी

**केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बनाया सांसद प्रतिनिधि, जनजातीय योजनाओं के समन्वय का दायित्व सौंपा**

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 जून।** जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के साथ-साथ अनुसूचित जनजाति वर्ग के अधिकारों के लिए लंबे समय से कार्य कर रहे भिण्ड के सामाजिक कार्यकर्ता मनीष राजपूत को केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा सांसद ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें शिवपुरी, गुना और अशोकनगर संसदीय क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित योजनाओं एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के समन्वय हेतु सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।मनीष राजपूत पिछले एक दशक से अधिक समय से जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और आदिवासी समाज के अधिकारों को



लेकर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विभिन्न सामाजिक अभियानों के माध्यम से जल स्रोतों के संरक्षण, नदी पुनर्जीवन और पर्यावरण जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

जल एवं नदी संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए मनीष राजपूत को प्रधानमंत्री द्वारा संचालित अभियान के अंतर्गत 'वाटर हीरो' सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। उनकी यह उपलब्धि न केवल भिण्ड जिले बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय मानी जाती है। मनीष राजपूत की नियुक्ति को जनजातीय समाज के विकास, कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और पात्र हितग्राहियों तक सरकारी लाभ पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वे केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बेहतर समन्वय के माध्यम से जनजातीय समुदाय की समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को गति देने का कार्य करेंगे। **मनीष राजपूत ने जताया आभार:**अपनी नियुक्ति पर मनीष राजपूत ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ जनजातीय समाज के हितों, अधिकारों और विकास कार्यों के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी।

## जनकल्याण शिविर के माध्यम से सरकार पहुंची जनता के द्वार



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 जून।** विकासखंड मेहगांव के रामलीला मैदान में तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का शुभारंभ नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर मंत्री शुक्ला ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाए तथा प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम में कलेक्टर भिंड, सीईओ जिला पंचायत, एसडीएम मेहगांव, सीईओ जनपद पंचायत मेहगांव, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि आम नागरिकों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जन कल्याण शिविर इसी सोच का परिणाम हैं, जहां एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि जन कल्याण शिविर का मुख्य उद्देश्य उन पात्र नागरिकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, जो किसी तकनीकी या प्रशासनिक कारण से अब तक लाभान्वित नहीं हो सके हैं।

उन्होंने कहा कि आधार कार्ड, समग्र आईडी, नाम संशोधन, दस्तावेजों की त्रुटियां या आवेदन लंबित होने जैसी समस्याओं के कारण कई बार पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। शिविर में ऐसी सभी समस्याओं का समाधान कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी योजना का आवेदन लंबित है, किसी प्रकार की शिकायत है अथवा शासन की किसी योजना का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है, तो वे शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्या दर्ज कराएं।

**हितग्राहियों को वितरित किए गए लाभ:**जन कल्याण शिविर के दौरान मंत्री राकेश शुक्ला द्वारा विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए गए। इनमें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के 07 हितग्राही, संबल जनकल्याण योजना के 04 हितग्राही, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के 08 हितग्राही शामिल रहे। हितलाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने शासन की योजनाओं के लिए प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।